विकास गुप्ता, भा.प्र.से.
आयुक्त
Vikas Gupta, I.A.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
Kendriya Vidyalaya Sangathan
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016

# संदेश

**15 दिसंबर 2025**

प्रिय विद्यार्थीगण, शिक्षकवृंद एवं अभिभावकगण,

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के **स्थापना दिवस–2025** पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की असाधारण यात्रा, जिसकी शुरुआत 1963 में मात्र 20 रेजिमेंटल स्कूलों से हुई थी, आज 1289 केन्द्रीय विद्यालयों की विशाल श्रृंखला में विकसित हो चुकी है, जो उत्कृष्ट शिक्षा की ज्योति से राष्ट्र को आलोकित कर रही है। इन छह दशकों में संगठन ने न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सुदृढ़ मानक स्थापित किया है, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, विश्वसनीय और प्रेरणादायी संस्था के रूप में उभरकर सामने आया है।

विकास की इस यात्रा में, केन्द्रीय विद्यालयों ने चॉकबोर्ड से लेकर एआई-सक्षम स्मार्ट बोर्ड तक का सफर तय किया है और उन्नत तकनीक को आत्मसात किया है। के.वि.सं. ने सदैव सुदृढ़ शैक्षिक प्रणालियाँ, नवाचार, तकनीकी उन्नयन तथा सर्वोत्तम प्रथाएँ अपनाकर अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया है। एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप, के.वि.सं. ने अपने सभी विद्यालयों में शिक्षार्थी-केंद्रित, कौशल-आधारित और भविष्य उन्मुख शिक्षा को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है। परिणामस्वरूप, हमारे केन्द्रीय विद्यालय अन्य शैक्षिक संस्थानों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल बनकर उभरे हैं।

इन वर्षों में, केन्द्रीय विद्यालयों ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, नवाचार, प्रौद्योगिकी तथा मूल्य-आधारित शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। हमारे विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत और विदेशों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संगठन का गौरव बढ़ाया है। इसी प्रकार, हमारे समर्पित शिक्षक और कर्मचारी अपने उत्साह, प्रतिबद्धता, कौशल और सतत प्रयासों से संगठन को निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्रदान करते रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में के.वि.सं. की उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण पूरे देश में नए केन्द्रीय विद्यालयों की माँग बढ़ी है। नागरिकों के विश्वास और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 57 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका क्रियान्वयन शीघ्रता से किया जा रहा है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की इस गौरवशाली यात्रा के पीछे 56,000 से अधिक शिक्षकों एवं कर्मचारियों का समर्पण, 13 लाख+ विद्यार्थियों की प्रतिभा, लाखों अभिभावकों का अटूट विश्वास, तथा हमारे पूर्व विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धियाँ हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सेवा, समर्पण और सफलता की यह शैक्षिक यात्रा आने वाले वर्षों में और अधिक उज्ज्वल होगी, और केन्द्रीय विद्यालय संगठन उत्कृष्टता के स्वर्णिम अध्याय लिखता रहेगा।

अनेक शुभकामनाओं सहित,

(विकास गुप्ता)

011-26512579 www.kvsangathan.nic.in commissioner-kvs@gov.in @KVS_HQ @KVSHQ @kvshqr